भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या : 2738

सोमवार, 18 अगस्त, 2025 (27 श्रावण, 1947, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

नागर विमानन महानिदेशालय में रिक्त पद और बढ़ती दुर्घटनाएँ

2738. श्री रामजी लाल सुमनः

क्या **नागर विमानन** मंत्री दिनांक 28 जुलाई, 2025 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 805 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 823 पदों के रिक्त रहने के कारण नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की कार्यकुशलता किस हद तक प्रभावित होती है;

(ख) ये पद कब से रिक्त हैं और पिछले तीन वर्षों के दौरान इन्हें भरने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) उपर्युक्त प्रश्न के भाग (ङ) में नौकरशाहों की नियुक्ति के बारे में मांगी गई जानकारी छिपाने का क्या कारण है; और

(घ) डीजीसीए में कार्यरत नौकरशाहों की संख्या कितनी है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): डीजीसीए के कुल स्वीकृत 1644 पदों में से, डीजीसीए के पुनर्गठन के भाग के रूप में वर्ष 2022 से 2024 के दौरान 441 पद स्वीकृत किए गए हैं। रिक्त पदों का विवरण नियमित रूप से कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और यूपीएससी को भरने के लिए भेजा जाता है। वर्तमान में, 190 पदों को भरने की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

रिक्त पदों की कमी से डीजीसीए की प्रचालन दक्षता प्रभावित नहीं हुई है। वार्षिक निगरानी योजना के एक भाग के रूप में डीजीसीए की निगरानी योजनाएँ नियमित रूप से तैयार की जाती हैं और डीजीसीए की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाती हैं।

(ग) और (घ): डीजीसीए में पदों को तकनीकी और गैर-तकनीकी (अन्य) में वर्गीकृत किया गया है। समूह 'क' के तकनीकी पदों पर भर्ती यूपीएससी द्वारा की जाती है, जबकि गैर-तकनीकी पदों पर नियुक्ति कैबिनेट नियुक्ति समिति (एसीसी) और कर्मचारी चयन आयोग द्वारा की जाती है, अर्थात केंद्रीय स्टाफिंग योजना के अंतर्गत पदों के लिए एसीसी द्वारा और प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए कर्मचारी चयन आयोग द्वारा। दिनांक 31.07.2025 तक पदवार विवरण अनुलग्नक-क में संलग्न है।

<u>अनुलग्नक-क</u>

	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
तकनीकी पद	1075	529	546
गैर-तकनीकी पद	569	292	277
कुल	**1644**	**821**	**823**

******